# सांवरे भरोसा तेरा है | by Shubham Sharma

कीर्तन है श्याम आजा तेरी ज्योत जलाई आजा
बनकर विश्वास तू मेरा एक बार तो गले लगा जा
सांवरे भरोसा तेरा है
तेरे बिन कौन सांवरे मेरा है

सुन्दर तेरा मुखड़ा देखूं दिल तुझ में रम जाता है
तेरी तलाश में ये दिल तुझ में ही खो जाता है
तुझसे बातें करता हूँ कभी ध्यान तेरा धरता हूँ
जो बन जाता है मुझसे वो सब अर्पण करता हूँ
सांवरे भरोसा तेरा है
तेरे बिन कौन सांवरे मेरा है

सारी दुनिया में बाबा चलती तेरी दातारी
करते हो भक्तों की तुम दूर सभी लाचारी
दुःख लाखों का हर डाला जीवन रोशन कर डाला
मिल गया मुझे भी साथी मेरा श्याम है खाटूवाला
सांवरे भरोसा तेरा है
तेरे बिन कौन सांवरे मेरा है

इतनी सी अर्ज़ी लेकर करता है जयंत वंदन
इतनी सी अर्ज़ी लेकर करते हैं तुम्हारा वंदन
कभी ना टूटे सांवरे तुमसे मेरे प्यार का बंधन
जब जब दुनिया में आऊं मैं सेवा तुम्हारी पाऊं
तेरे नाम हो जीवन मेरा सेवक तेरा कहलाऊँ
सांवरे भरोसा तेरा है
तेरे बिन कौन सांवरे मेरा है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%ad%e0%a4%b0%e0%a5%8b%e0%a4%b8%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-shubham-sharma/